# लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
# (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़

प्रकरण संख्या/13/2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 04.02.2020

श्री श्यामलाल पिता रामचन्द्र टेलर निवासी सदर बाजार, भादसोड़ा, तहसील भदेसर

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

**निर्णय**

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official

**दिनांक 25.02.2020**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 23.12.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 13/2020/(25.02)/111 दिनांक 04.02.2020 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 25.02.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी सम संख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 25.02.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 23.12.2019 अनुसार मुझे चाही गई सूचना अपूर्ण प्राप्त हुई है तथा बिन्दु संख्या 3 व 4 से संबंधित सूचना/दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। अतः मुझे मेरे आवेदन अनुसार बिन्दुवार सूचना उपलब्ध कराने का आदेश प्रदान करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

| प्रकरण संख्या 13/2020 (सू.अ.) |
| --- |
| श्री श्यामलाल टेलर निवासी भादसोडा बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ |

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/47 दिनांक 25.02.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह कि प्रार्थी श्री श्यामलाल पिता रामचन्द्र टेलर निवासी सदर बाजार, भादसोड़ा, तहसील भदेसर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 23.12.2019 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय मे दिनांक 24.12.2019 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही जा रही सूचना प्रभारी अधिकारी, जिला अभिलेखागार, जिला कार्यालय चित्तौड़गढ़ से प्राप्त कर इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/2371 दिनांक 27.01.2020 से ड़ाक द्वारा भिजवाई गई है। पत्र की प्रति संलग्न है।
3. यह कि प्रार्थी द्वारा दिनांक 04.02.2020 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि प्राप्त सूचना अपूर्ण है सूचना पूर्ण उपलब्ध कराई जावे। इस संबंध में प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2371 दिनांक 20.02.2020 से अवगत कराया गया कि आप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 23.12.2019 के संबंध में सूचना इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/2371 दिनांक 27.01.2020 से कुल किता 06 उपलब्ध करा दी गई है तथा पुनः प्रार्थना पत्र दिनांक 04.02.2020 के संबंध में सूचित किया कि चाही जाने वाली सूचना के संबध मे प्रभारी अधिकारी, जिला अभिलेखागार, चित्तौड़गढ़ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस, कार्यालय समय में उपस्थित हो संबंधित सूचना को चिन्हित करावें ताकि वांछित सूचना उपलब्ध कराई जा सके। पत्र की प्रति संलग्न है।
4. यह कि प्रार्थी द्वारा दिनांक 23.12.2019 एवं दिनांक 04.02.2019 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में सूचना तथा सूचना के संबंध में अवगत करा दिया गया है जिससे प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं रहती है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी • जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

| प्रकरण संख्या 13/2020 (सू.अ.) |
|---|
| श्री श्यामलाल टेलर निवासी भादसोडा बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ |

5. यह कि प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध करा दिये जाने से अपील पर जवाब स्वीकार कर अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/47 दिनांक 25.02.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/2371 दिनांक 27.01.2020 से मात्र प्र. सं. 608/A/2002 में दिनांक 28.03.2003 को जारी अवार्ड की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराई है तथा अपीलार्थी के आवेदन दिनांक 23.12.2019 अनुसार शेष बिन्दुओं की पूर्ण एवं स्पष्ट बिन्दुवार सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।

निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को उसके आवेदन दिनांक 23.12.2019 अनुसार वांछित बिन्दुवार पूर्ण सूचना 15 दिवस में निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)

Web Copy - Not Official

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./13/2020(सू.अ.)/ 180 दिनांकः– 26/02/2020

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री श्यामलाल पिता रामचन्द्र टेलर निवासी सदर बाजार, भादसोड़ा, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)